विधानसभा में गूंजा सिंगरौली का मुद्दा

विधायक रामनिवास शाह के प्रयास रंग लाए, सदन में जोरदार तरीके से उठाया क्षेत्र का मसला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामनिवास शाह ने विधानसभा सत्र के दौरान अपने क्षेत्र से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को जोर-शोर से उठाया। प्रश्नकाल के दौरान जैसे ही उन्हें अवसर मिला, उन्होंने सिंगरौली में लंबित विकास कार्यों, आवासीय समस्याओं और प्रशासनिक लापरवाही का मामला पूरी मजबूती से सदन के पटल पर रखा। उनके सवालों की गंभीरता और तथ्यों की मजबूती से सदन में कुछ देर के लिए गहमागहमी का माहौल बन गया। विधायक ने कहा कि वे अपने क्षेत्र की जनता की आवाज लेकर सदन में आए हैं और जब तक समाधान नहीं होगा, तब तक मुद्दा उठाते रहेंगे।

सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ न मिलने और विस्थापित परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रभावित कई परिवार आज भी स्थायी आवास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। श्री शाह ने आरोप लगाया कि कागजी प्रक्रिया और विभागीय ढिलाई के कारण पात्र लोगों को समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं सदन में विधायक रामनिवास शाह ने यह भी कहा कि विकास योजनाओं में हो रही देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने दस्तावेजों के हवाले से बताया कि कई फाइलें वर्षों से लंबित हैं और आम जनता कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है। उनके तेवर इतने तीखे थे कि सदन में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिंगरौली जैसे राजस्व देने वाले जिले के साथ उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सदन में प्रश्न के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि प्रभावित परिवारों को स्थायी पट्टा प्रदान किया जाए तथा लंबित लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। विधायक द्वारा यह भी कहा गया कि वर्षों से पुनर्वासित परिवार असमंजस की स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं, अत: शासन को संवेदनशीलता के साथ इस मामले में त्वरित निर्णय लेना चाहिए।

नगरीय प्रशासन मंत्री विजय वर्गीय का जवाब और आश्वासन

विधायक के सवालों पर नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि सरकार सिंगरौली के विकास के प्रति गंभीर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीएम आवास योजना से जुड़े लंबित मामलों की जांच कराई जाएगी और पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उनके इस जवाब के बाद सदन का माहौल शांत हुआ।

क्षेत्र में सराहे जा रहे विधायक के प्रयास

विधानसभा में सिंगरौली का मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाए जाने के बाद क्षेत्र में विधायक रामनिवास शाह के प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने जनता की पीड़ा को मजबूती से सदन तक पहुंचाया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस पहल से प्रशासनिक तंत्र में सक्रियता बढ़ेगी और लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। विधायक के इस रुख से यह संदेश गया है कि क्षेत्रीय हितों के लिए वे किसी भी स्तर पर आवाज उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

38 वर्ष बीत गये लीज का नहीं हुआ नवीनीकरण

वर्ष 1984 में एनटीपीसी परियोजना के लिए कुल 9 ग्रामों की भूमि अधिग्रहित की गई थी। प्रथम चरण में उर्ती, बैढ़न, जयनगर, पिपरा, सरसवाह, तेलगवां सहित अन्य ग्रामों को परियोजना क्षेत्र में शामिल किया गया। इसके बाद द्वितीय चरण में शाहपुर, अमरसोनी, सेमरिया, जुड़ी एवं चुड़ियाडांड़ जैसे ग्रामों की भूमि भी अधिग्रहित की गई। कुल मिलाकर लगभग 14 ग्रामों के लोग इस परियोजना से विस्थापित हुए। प्रभावित परिवारों को पुनर्वास स्वरूप नवजीवन विहार सेक्टर 1 से 4 में बसाया गया तथा 30 वर्ष की लीज पर प्लॉट आवंटित किए गए। अब लगभग 38 वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो लीज का विधिवत नवीनीकरण किया गया है और न ही स्थायी पट्टा प्रदान किया गया है। इस कारण विस्थापित परिवारों में असंतोष और असुरक्षा की भावना बनी हुई है। इस गंभीर विषय को सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया है।

सांभर का शिकार करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

वन परिक्षेत्र कर्थुआ की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। वन परिक्षेत्र कर्थुआ को वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार वन अपराध प्रकरण 26 फरवरी के तहत अवैध शिकार के मामले में वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने के आरोप में छ: आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें सुखनारायण पिता चन्द्रदत्त खैरवार उम्र 31 वर्ष, रावेन्द्र बैगा पिता रूपशाह बैगा उम्र 34 वर्ष, श्रीराम खैरवार पिता बाबूलाल खैरवार उम्र 68 वर्ष, सहदेव खैरवार पिता भैयालाल खैरवार उम्र 59 वर्ष, शिवकुमार खैरवार पिता मली सिंह खैरवार उम्र 41 वर्ष और हरीदास खैरवार पिता चन्द्रदत्त खैरवार उम्र 45 वर्ष शामिल हैं, जो सभी ग्राम भर्रा और परमा के निवासी हैं। न्यायालय देवसर द्वारा आरोपियों को जिला जेल पचौर भेज दिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी कर्थुआ दिव्यांशु सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है।

एक नजर में

जनगणना के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सिंगरौली। जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य को अद्यतन एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करना था। जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश से जिले के लिये नियुक्त जिला प्रशिक्षक नागेश पाठक एवं वैभव अग्रवाल ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

आम की पैदावार के लिए फरवरी माह सबसे महत्वपूर्ण : अजीत

सिंगरौली। उप संचालक कृषि अजीत सिंह ने बताया कि आम की भरपूर पैदावार के लिए फरवरी का महीना सबसे महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी समय पेड़ों पर बौर -फूल आने और फलों के बनने की प्रक्रिया शुरूहोती है। इस समय की गई सही देखभाल पैदावार को कई गुना बढ़ा सकती है। जब तक पेड़ों पर बौर निकल रहे हों, तब तक पानी बिल्कुल न दें। इस समय पानी देने से पेड़ों पर फूलों की जगह नई पत्तियां निकलने लगती हैं, जिससे पैदावार घट जाती है।

एचपीव्ही वैक्सीनेशन का शुभारंभ आज

सिंगरौली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश में 14 वर्ष किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीव्ही वैक्सीनेशन का शुभारंभ कल 28 फरवरी को पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा राजस्थान के अजमेर से संपूर्ण भारत के लिए किया जाना है। इसी तारतम्य में सिंगरौली जिले में भी एचपीव्ही वैक्सीनेशन का शुभारंभ 28 फरवरी से किया जाना है।

होलिका दहन 2 व रंगोत्सव फगुआ 4 मार्च को : एनपी

ज्योतिषविद् ने होलिका दहन को लेकर दी विस्तृत जानकारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार होलिका दहन 2 मार्च दिन सोमवार फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी शाम 5:18 तक, इसके उपरांत पूर्णिमा तिथि में रात्रि 10:25 से 12:50 तक श्रेष्ठ रहेगा।

चंद्र ग्रहण 3 मार्च फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिन मंगलवार को दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:46 बजे तक रहेगा। होलिकोत्सव, रंगोत्सव, फगुआ, बसन्तोत्सव 4 मार्च चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा दिन बुधवार को मनाया जाएगा। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के अनुसार होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएँ देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंतत: हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं, बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।

क्या करें - क्या न करें

ग्रहण के समय ओम नम: शिवाय या विष्णु सहस्रनाम का पाठ करने से मानसिक शांति मिलती है। सूतक काल लगते ही खाने-पीने की चीजों में तुलसी के पत्ते डाल देना परंपरा मानी जाती है। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान करें और घर में गंगाजल छिड़कें। इस दिन सफेद वस्तुओं जैसे चावल, दूध, चीनी या सफेद कपड़े का दान करना पुण्यदायी माना जाता है। वहीं गर्भवती महिलाओं को इस दौरान चाकू, कैंची या सुई जैसी नुकीली चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सूतक काल और ग्रहण के दौरान भोजन पकाने और खाने से बचना चाहिए। हालांकि बुजुर्गों और बीमार लोगों को छूट दी जाती है। ग्रहण काल में नए काम की शुरुआत या शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

छ: साल में ध्वस्त नालियां, विंध्यनगर से तेलगवां तक निर्माण पर उठे सवाल

चेक पोस्ट तेलगवां के पास जलभराव से सड़क बनी तालाब, घटिया निर्माण का आरोप, एनटीपीसी प्रबंधन पर लापरवाही के निशान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। एनटीपीसी विंध्यनगर प्रवेश द्वार से लेकर तेलगवां चेक पोस्ट तक करीब छ: वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से बनाई गई नालियां आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं।

एनटीपीसी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए गए इस निर्माण कार्य की जमीनी सच्चाई यह है कि अधिकांश नालियां या तो पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं या फिर झाड़ियों और मिट्टी में इस कदर दब गई हैं कि उन्हें ढूंढने के लिए दूरबीन का सहारा लेना पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के समय ही कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे, लेकिन उस वक्त एनटीपीसी प्रबंधन ने शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया। परिणाम यह हुआ कि कुछ ही वर्षों में नालियों की दीवारें टूट गईं, स्लैब धंस गए और पूरी संरचना बेकार हो गई। कई स्थानों पर नालियों का नामोनिशान तक नहीं बचा है। चेक पोस्ट तेलगवां के पास हालात और भी बदतर हैं। नालियों के सही तरीके से निर्माण न होने और नियमित सफाई के अभाव में बरसात के दिनों में पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। इससे सड़क की परत उखड़ने लगी है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भारी वाहनों की आवाजाही के बीच जलभराव दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है।

निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठे सवाल

प्रबुद्ध नागरिकों ने आरोप लगाया है कि लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद यदि नालियां छ: साल भी नहीं टिक पाईं, तो यह सीधे-सीधे निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। लोगों का कहना है कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला प्रतीत होता है। अब सवाल यह उठता है कि जब नालियां ही स्वस्थ और टिकाऊ नहीं रहीं, तो इनके निर्माण का औचित्य क्या था, क्या जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों से जवाबदेही तय होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा, क्षेत्रीय जनता ने मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए।

सीएमपीएफ एवं सीएमपीएस विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी कंपनी एनसीएल ने सतर्कता विभाग के तत्वाधान में मुख्यालय में सीएमपीएफ अधिनियम एवं कोल माइंस पेंशन योजना सीएमपीएस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

निवारक एवं सहभागी सतर्कता के तहत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य सीएमपीएफ अधिनियम एवं कोल माइंस पेंशन योजना के अनुपालन और क्रियान्वयन के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान करना, प्रक्रियाओं में स्पष्टता लाना तथा संचालन स्तर पर सरलीकरण को बढ़ावा देना था। कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी साईराम ने रचनात्मक सतर्कता की दिशा में आयोजित इस सार्थक पहल के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनसीएल तथा सतर्कता विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा उपायों को निरंतर सरल एवं उन्नत बनाना अपरिहार्य है।

रम्पा में एनएसएस का शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के निर्देश तथा अग्रणी महावि. बैढ़न के मार्गदर्शन में महावि. की एनएसएस इकाई द्वारा गोद ग्राम रम्पा विस बैढ़न में 21 से 27 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास के साथ सामुदायिक जुड़ाव की भावना को मजबूत करना तथा ग्रामीणों को डिजिटल इंडिया अभियान से जोड़ना रहा। शिविर की थीम मेरा युवा भारत के लिए युवा डिजिटल साक्षरता रखी गई।

आज्ञाकारिता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आदर्श स्थापित करती है : संतना

बरहट के महादेव मंदिर में श्रीराम कथा का चौथा दिन, भगवान श्रीराम के बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। जिले की तहसील चितरंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहट स्थित महादेव मंदिर मड़री परिसर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे आज दिन शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

इस अवसर पर कथावाचक संतना द्विवेदी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। कथावाचक ने भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर उनके बाल्यकाल की लीलाओं का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम का बाल रूप न केवल माता कौशल्या और अयोध्या वासियों के लिए आनंद का स्रोत था, बल्कि सम्पूर्ण समाज को संस्कार, मर्यादा और सेवा का संदेश देता है। श्रीराम की बाल लीलाओं में उनकी सरलता, विनम्रता और आज्ञाकारिता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आदर्श स्थापित करती है। संतना द्विवेदी ने कहा कि बाल अवस्था में ही श्रीराम ने सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने माता-पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानते हुए जीवन को अनुशासन और संस्कारों से जोड़ा। कथा के दौरान उन्होंने राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के परस्पर प्रेम और भ्रातृत्व भाव को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

पहली प्राथमिकता स्रोत पर अपशिष्ट कम करना होनी चाहिए : सविता

नगर निगम आयुक्त ने किया कचरा प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के द्वारा आज दिन शुक्रवार को कचरा प्रसंस्करण प्लांट गनियारी का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था और कचरा निस्तारण प्रक्रियाओं की समीक्षा करना था।



निगमायुक्त ने निरीक्षण उपरांत निर्देश दिए कि प्लांट के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करें। शहर के कचरा पृथक्करण को और बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीको का उपयोग करें। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्लांट में शत-प्रतिशत कचरे का निस्तारण सुनिश्चित करें। वार्डो में कचरा संग्रहण करने वाले वाहन समय पर पहुंचकर सुखे एवं गीले कचरे का उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर से शत-प्रतिशत सीएण्डी वेस्ट का उठाव कराकर उसका निस्तारण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कचरा प्रसंस्कारण कार्य में नवीन तकनीको का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता स्रोत पर अपशिष्ट कम करना होनी चाहिए। दूसरा विकल्प है पुनर्चक्रण और खाद बनाना। इसके अलावा आयुक्त के द्वारा कचरा प्रसंस्करण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, उपयंत्री विपिन तिवारी, सीटाडेल प्रबंधक रावेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

ग्राम हर्राचंदेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

देवसर 27 फरवरी। विकासखंड देवसर अंतर्गत ग्राम हर्राचंदेल में विधिक साक्षरता सिविल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायाधीश विजय कुमार सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हर्राचंदेल सरपंच बबुआराम यादव पूर्व सरपंच सचिव श्याम लाल द्विवेदी, अमरीश पाठक, बृजेश चतुर्वेदी, दुर्गा यादव, लाल बहादुर यादव सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। न्यायाधीश विजय कुमार सोनकर ने ग्रामीणों को कानून की सामान्य लेकिन उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, पास्को अधिनियम तथा राजीनामा योग्य मामलों से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के महत्व को बताते हुए कहा कि आपसी सहमति से कई मामलों का त्वरित निपटारा लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी।

सीबीआई फिर साबित हुआ पिंजरे का तोता : चंदेल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। दिल्ली के निचली अदालत ने जिस तरह से अपने निर्णय में टिप्पणी की है, उससे तो यही साबित होता है यह बक्तब्य आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एडवोकेट अभिमन्यु देव चंदेल ने दिया है।

आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को झूठे केस में फसाने का कुत्सित प्रयास सीबीआई के माध्यम से बीजेपी ने किया था उसका पर्दाफास आज न्यायालय ने अपने निर्णय में कर दिया, कथित शराब घोटाले में सीबीआई ने जिस तरह से एक सिटिंग मुख्यमंत्री को घसीटते हुए ले गई और कई महीने तक केजरीवाल को मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को अवैध तरिके से जेल में रखा, वह लोकतंत्र के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जायेगा, लेकिन बाबा साहब का संविधान जिस तरह से ने बनाया गया है, वह लोक तंत्र का सजग प्रहरी है और न्यायालय उसका जीता जागता प्रमाण है। जिस तरह से कट्टर ईमानदार पार्टी को अमित शाह ने बदनाम करने की कोशिश की वह लोक तंत्र का चिर हरण जैसा है और गुजरात लाबी को यह करारा तमाचा है।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली का पर्व : गौरव

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 फरवरी। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मोरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी गौरव पाण्डेय ने की। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर रोक लगाने तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। श्री पाण्डेय ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी और गश्ती दल लगातार निगरानी करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि रंग खेलने के दौरान जबरन किसी पर रंग न डालें, शराब पीकर हुड़दंग न करें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया।